शनिवार

20 जनवरी 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




नमाज के समय नहीं निकलेगा जुलूस, डीजे पर रहेगी रोक: एसपी

2



# 22 जनवरी भारत के विश्वास, लोक आस्था व गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का दिन: योगी

- सीएम ने लोगों से की अपील- पैदल न आएं, सभी का दायित्व- अव्यवस्था की स्थिति न बने
- मुखिया ने दिलाया विश्वास आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन को सकुशल संपन्न कराएंगे

**केटी न्यूज/अयोध्या**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। सीएम ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है।

### दर्शन कराने को पांच ज़िलों से रामरथ बसें होंगी संचालित

**अयोध्या।** यूपी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर के दर्शन कराने के लिये बेहतर सुविधायुक्त रामरथ बसें संचालित करने जा रही है। इसके लिये परिवहन निगम ने प्रथम चरण में 10 बसों के संचालन की योजना बनायी है। प्रथम चरण में 10 बसें अयोध्या के लिए चलायी जायेंगी, जबकि बाद में प्रदेश के सभी जनपदों से परिवहन निगम अयोध्या के लिए रामरथ बसें चलाएगा। परिवहन विभाग लखनऊ-अयोध्या के लिए 01, वाराणसी- अयोध्या के लिए 04, बलिया- अयोध्या के लिए 01, गोरखपुर-अयोध्या के लिए 02 एवं प्रयागराज से अयोध्या के लिए 02 रामरथ बसें संचालित करेगा। श्रद्धालुओं को रामरथ बसें अलग अलग रंग में दिखायी देंगी,जिससे कि श्रद्धालुओं को रामरथ बसों को पहचानने में सुविधा होगी।

### तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो।

### बेहतर तालमेल व समन्वय से हो पाएगा दर्शन

सीएम ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वहीं हमारे मन में भी है। मेरी अपील है कि बेहतर तालमेल व समन्वय से दर्शन हो पाएगा। अयोध्या में किसी को भी परेशानी न होगी। भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। सीएम ने अनुरोध किया कि हम सभी का दायित्व है कि अव्यवस्था की स्थिति न बने। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

### सीएम ने की अपील... बिना प्रोग्राम के न आएं

सीएम ने अपील की कि बिना प्रोग्राम के न आएं। धैर्य बनाकर अपनी बारी का इंतजार करें और यहां के कार्यक्रम के अनुरूप ही आएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां व्यवस्था की जा रही है। किसी को असुविधा नहीं होगी। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ लोकल स्तर पर व्यवस्था कर रहे हैं। प्रदेश में बीट प्रणाली लागू करने को कहा है, जो निचले स्तर तक लोगों से संवाद बनाकर लाने व व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने में योगदान दे सके। राज्य से बसों की व्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं। दर्शन कब कैसे और किस प्रकार होगा, यह प्रक्रिया न्यास तय करेगा और हम उसके अनुरूप व्यवस्था कर रहे हैं।

---

## यात्रियों के लिए 5 मल्टीस्टोरी पार्किंग और डॉरमेट्री की मिलेगी सुविधा

# अयोध्या में लोगों के रुकने और पार्किंग के होंगे खास इंतजाम

- फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल के साथ ही ओपेन रूफटॉप जैसे हैं फीचर्स, आने वाले दिनों में और सुधरेगी व्यवस्था

**केटी न्यूज/अयोध्या**

अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीरामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अवध में उत्सव का माहौल है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच चुके हैं। लोकल के साथ ही नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया का जमावड़ा लगा हुआ है। अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों की संख्या में राम भक्त पूरे देश और दुनिया से यहां दर्शनों के लिए आएंगे। ऐसे में अयोध्या धाम में लोगों के रुकने और गाड़ियों की पार्किंग की व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम द्वारा मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई गई है, जहां पार्किंग के साथ-साथ फूड कोर्ट, डॉरमेट्री और बैंक्वेट हॉल की सुविधा भी दी गई है। इस तरह की 5 पार्किंग अब तक शुरू हो चुकी हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मल्टीस्टोरी पार्किंग कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हैं। इनमें से 4 बिल्डिंग्स विकास प्राधिकरण ने तो एक नगर निगम ने बनाई है। हाल ही में एक पार्किंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया है। आने वाले दिनों में इन व्यवस्थाओं में और भी सुधार किए जाएंगे, ताकि अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालु यहां से सुखद अनुभव लेकर वापस जाएं।

उन्होंने बताया कि अमानीगंज के त्रिवेणी सदन में संचालित कॉम्प्लेक्स में पार्किंग के साथ-साथ दुकानें, डॉरमेट्री, रेस्टोरेंट की सुविधा है। यहां 37 फोर व्हीलर और 50 टू व्हीलर्स की पार्किंग की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर कुल 85 दुकानें स्थापित हैं, जबकि थर्ड फ्लोर पर डॉरमेट्री के 166 बेड लगाए गए हैं तो फोर्थ फ्लोर पर रेस्टोरेंट और किचन की व्यवस्था की गई है। वहीं फिफ्थ फ्लोर पर ओपेन टेरेस रूफटॉप है, जहां पर बैठकर खाने-पीने का लुत्फ लिया जा सकता है।



### सीएम योगी ने रामनगरी अयोध्या में रखी नए अध्याय की नींव

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत 'नव्य अयोध्या' परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में सीएम योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरूआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया।

**अरुंधति भवन में मिल रही सभी सुविधाएं:** टेढ़ी बाजार स्थित अरुंधति भवन के नाम से दो मल्टी स्टोरी पार्किंग कॉम्प्लेक्स बनाए गए हैं। अरुंधति भवन वेस्ट 10700 स्क्वायर मीटर में स्थापित किया गया है। इसमें 3200 स्क्वायर मीटर में रेस्टोरेंट है तो वहीं 180 बेड्स की भी व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त यहां 300 से अधिक कारों की पार्किंग की सुविधा है। दूसरे कॉम्प्लेक्स को 23500 स्क्वायर मीटर में निर्मित किया गया है। यहां 328 बेड्स की सुविधा है, जबकि 76 फोर व्हीलर और 132 टू व्हीलर्स को पार्क किया जा सकता है। यहां 110000 स्क्वायर मीटर में रेस्टोरेंट, 6000 स्क्वायर मीटर में बैंक्वेट हॉल और 4000 स्क्वायर मीटर में ओपेन रेस्टोरेंट एरिया है।

**लक्ष्मण कुंज में पार्क हो सकेंगे हजारों वाहन:** अयोध्या कलेक्ट्रेट के पास स्थित लक्ष्मण कुंज मल्टी स्टोरी पार्किंग का संचालन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इस कॉम्प्लेक्स में 1000 आउटडोर पार्किंग की सुविधा है, जबकि लोअर ग्राउंड में भी पार्किंग की जा सकेगी। 80 के करीब टू व्हीलर्स को भी पार्क किया जा सकेगा। सेवेंथ फ्लोर पर रूफटॉप रेस्टोरेंट बनाया गया है। वहीं बेसमेंट में 8 दुकानें, ग्राउंड फ्लोर पर एक कैंटीन, 15 दुकानें और 10 फूड कोर्ट बनाए गए हैं।

## जगदीशपुर में ग्राहक सेवा केंद्र से पौने दो लाख रुपए की लूट

**आरा।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा बाजार स्थित एसबीआई की सीएसपी में धावा बोलकर बदमाशों ने करीब पौने दो लाख रुपए लूट लिया। अपराधी ग्राहक सेवा केन्द्र से लैपटॉप, स्कैनर और एक कर्मी का मोबाइल भी ले भागे। घटना शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे की बतायी जा रही है। लुटेरों की संख्या तीन थी, जो पैसे निकालने के नाम केंद्र पहुंचे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरों ने सीएसपी कर्मी को केंद्र के अंदर बंद कर दिया और बाहर से शटर गिराकर आराम से भाग निकले। दिनदहाड़े लूट की घटना से इलाके में सनसनी और अफरातफरी मच गयी। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना निवासी सीएसपी संचालक अरविंद तिवारी उर्फ सोनू ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब दस बजे कर्मी बादल कुमार केंद्र में बैठे। तभी बाइक सवार तीन युवक पहुंचे।पैसे निकालने की बात कहते तीनों केंद्र में धुस गये। उसके बाद पिस्टल दिखा कर रुपये से भरा बैग, लैपटाप, स्कैनर और मोबाइल लूट लिया। कहा कि बैग में एक लाख 78 हजार 520 रुपये था। उसके बाद लुटेरों ने कर्मचारी को अंदर बंद कर दिया। फिर बाहर से केंद्र का शटर गिराया, ताला बंद किया और भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची अपने स्तर से छानबीन की। पुलिस ग्राहक केंद्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल कर लुटेरों की तलाश मे जुट गयी है। बताया जा रहा है ठीक एक वर्ष पूर्व भी सीएसपी संचालक से लूट की घटना हुई थी। जानकारी के अनुसार पिछले साल 19 जनवरी 2023 को बदमाशों द्वारा हथियार के बल सीएसपी केंद्र से करीब डेढ़ लाख रुपये लूट लिया था। लूट की घटना उगना रजवाहा के पास हुई थी। तब संचालक पैसा लेकर केंद्र जा जा रहे थे।

## हाजीपुर में घर के दरवाजे पर बैठ बात कर रहे दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

हाजीपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में शुक्रवार को विपिन राय उर्फ कारू अपने परिचित युवक छोटू के साथ निमार्णाधीन मकान के दरवाजे पर बैठा था। इस दौरान बाइक से तीन से चार की संख्या में अपराधी पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस फायरिंग में दोनों युवकों की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, लेकिन इलाज के लिए लोग जल्द सदर अस्पताल हाजीपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।

मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कंचनपुर के रहने वाले 42 वर्षीय विपिन राय और नगर थाना क्षेत्र के रामजीवन चौक रहने वाले 30 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि छोटू विपिन राय के साथ नए निमार्णाधीन मकान पर गया था। दोनों युवक वहां पर बैठकर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अस्पतालों में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मौके पर पुलिस भी भारी संख्या में पहुंचकर जांच में जुट गई।



वहीं, इस मामले को लेकर वैशाली जिले के द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर जानकारी दी गई। प्रेस रिलीज में बताया है कि सदर थाना क्षेत्र के केदार चौक के पास दो व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दी गई है। घटना आपसी रंजिश में लग रही है। वहीं, दो अज्ञात अपराधी द्वारा घटनाओं को अंजाम देने की बात बताई जा रही है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि विपिन राय उर्फ कारू राय प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था, जबकि छोटू सिंह बैंक से लोन दिलाने का काम करता था। लोन के संबंध में छोटू सिंह, विपिन राय उर्फ कारू राय के नव निर्मित मकान को देखने गया था। इसी क्रम में अपराधी ताबड़तोड़ दोनों पर फायरिंग करने लगे, जिसमें छोटू सिंह और विपिन राय उर्फ कारू राय की मौत हो गई।

## सीएम नीतीश से मिले लालू प्रसाद व तेजस्वी

**पटना।** 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिहार की महागठंधन सरकार के बीच एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार की सुबह आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। तेजस्वी यादव ने कहा कि- नीतीश कुमार बिहार के सीएम हैं और मैं डिप्टी सीएम। तो हमारे बीच मुलाकात तो होते रहती है इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। हम सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। बिहार की सियासत में बदलाव के संकेत यानी नीतीश के भाजपा में जाने से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि- आप लोगों को जो ठीक लगे वह आप लोग कीजिए।






## प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म आंखें के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

# आंखें में आस्था सिंह के साथ रोमांस करते नजर आएंगे चिंटू

- फिल्म आंखें का निर्माण संकट मोचन फिल्म इंटरनेशनल की तरफ से किया जा रहा है
- फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ यामिनी सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं

**केटी न्यूज/पटना**





भोजपुरी सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म आंखें के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गयी है, जहां अभिनेत्री आस्था सिंह के साथ रोमांस करते तस्वीरें मीडिया में वायरल हो रहा है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ यामिनी सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं, लेकिन फिलहाल फिल्म के सेट से आस्था सिंह की साथ उनका तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें दोनों की जोड़ी शानदार लग रही है। फिल्म आंखें का निर्माण संकट मोचन फिल्म इंटरनेशनल की तरफ से किया जा रहा है।

फिल्म आंखें को लेकर प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि इसके एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो गयी है, जिसमें बेहद मजा आया। फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है और यह दर्शकों को अल्टीमेट मनोरंजन देगी। उन्होंने कहा कि फिल्म का निर्माण बड़े स्केल पर किया जा है। फिल्म की कहानी बेहतरीन है और इसकी मेकिंग भी शानदार तरीके से चल रही है। फिल्म के पहले भाग के बाद अब दूसरे भाग में भी खूब मजा आ रहा है। मुझे लगता है कि जल्द ही फिल्म की शूटिंग पूरी होगी और यह दर्शकों के सामने होगी। उन्होंने कहा कि भोजपुरी इंडस्ट्री में आज कल बन रही फिल्मों ने सबों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

प्रदीप पांडेय चिंटू, यामिनी सिंह और आस्था सिंह स्टारर फिल्म आंखें गोविंदा और चंकी पांडे की हिंदी की सुपरहिट फिल्म आंखें में का भोजपुरी वर्जन है। फिल्म में आशीष सिंह बंटी, आस्था सिंह, रचना यादव, सुशील सिंह, संजय पांडे, श्रद्धा नवल, लोटा तिवारी, बबलू खान, नीलम पांडे, अंशु तिवारी, मिथिलेश, किशोर गुप्ता और अंकुश कहार भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी वीरू ठाकुर की लिखी हुई है। इसका संगीत मधुकर आनंद ने दिया है। फिल्म में एक्शन मल्लेश का देखने को मिलेगा। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं।

# नमाज के समय नहीं निकलेगा जुलूस, डीजे पर रहेगी रोकः एसपी

- 22 को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में औरंगाबाद में निकाला जाएगा जुलूस
- जुलूस को देखते हुए डीएम व एसपी ने की शांति समिति की बैठक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जिला में जुलूस का आयोजन किया जाना है जिसके मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। डीएम श्रीकांत शास्त्री व एसपी स्वप्ना मेश्राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएम ने इस आस्था के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से एवं मिलजुल कर मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बच्चे एवं नौजवान जल्द उत्तेजित हो जाते हैं एवं उत्तेजना में कुछ गलत कर जाते हैं। अतः बच्चों एवं नौजवानों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शांति समिति एवं पूजा समिति के सदस्यों से गाना के रूप में संस्कृत मंत्रोच्चारण करवाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि इससे हमारी आस्था दिखती है एवं यह हमें हमारी संस्कृति से जोडे रखता है।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा शांति समिति के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि जुलूस में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, किसी भी तरह के उत्तेजित गाने नहीं बजाया जाएगा एवं जुलूस के दौरान बजाए जाने वाले गानों का पूर्व से ही अनुमोदन लेना होगा। साथ ही साथ किसी तरह के भड़काऊ नारेबाजी नहीं करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने निदेश दिया कि जुलूस का समय इस तरह से रखा जाए ताकि वह मस्जिद में नमाज के समय वहां से नहीं गुजरे तथा सभी गतिविधियों पर ड्रोन कैमरा से भी नजर रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक ने पूजा समिति के सदस्यों से पर्याप्त मात्रा में वालंटियर रखने का तथा उन्हें आईडी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जुलूस में शामिल वाहनों पर लाइट का व्यवस्था तथा आतिशबाजी के स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत द्वारा बताया गया कि 22 जनवरी को शहर में दो पूजा समिति के द्वारा जुलूस निकाला जाएगा जिसमें एक पंचदेव मंदिर से 3:00 बजे बायपास होते हुए एमजी रोड होकर रमेश चौक होते हुए जामा मस्जिद से अदरी नदी होकर सूर्य मंदिर को जाएगी। वहीं दूसरी सत्येंद्र नगर से 12:30 बजे ब्लॉक मोड से रमेश चौक होकर गणेश मंदिर तक जाएगी एवं इस रास्ते से वापस सत्येंद्र नगर आ जाएगी। इस दौरान 12 जगह आरती का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उस दिन शहर में कुल 24 जगह मंदिर मस्जिद आयोजन स्थल एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्र में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## एक नजर

### शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अचानक हुए बेहोश

**जहानाबाद।** हुलासगंज राजकीय मध्य विद्यालय बौरी में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र मोची जी के द्वारा किया जा रहा था। उद्घाटन के तुरंत बाद कुर्सी पर बैठे हुए सत्येन्द्र मोची अचानक बेहोश होकर गिर पड़े आनन-फानन में शिक्षकों के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज ले जाया गया जहां उनकी प्राथमिक चिकित्सा की गई। तदोउपरान्त बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें जहानाबाद रेफर कर दिया गया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अचानक बेहोश हो जाने से शिक्षकों में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया और लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर प्रस्थान करने लगे और उनके कुशल क्षेम जानने के लिए व्याकुल दिखे प्रखंड के शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### उपहारा पुलिस ने बानरा गांव से महुआ शराब किया बरामद, कारोबारी फरार

**औरंगाबाद।** उपहारा पुलिस ने गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर बानरा गांव में छापेमारी करते हुए महुआ शराब बरामद किया है। वही शराब धंधेवाज को पुलिस की आने की भनक लगी तो वह फरार हो गया। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बानरा गांव में अखिलेश पासी घर मे महुआ शराब बनाकर धंधा करता है।पुलिस जब सत्यापन को लेकर उसके घर गई तो घर से 5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने प्राथमिक दर्ज करते हुए अखिलेश पासी को आरोपी बनाते हुए करवाई सुरु कर दी है।

### लेख प्रतियोगिता में शामिल छात्रों एवं शिक्षक को किया गया सम्मानित



**औरंगाबाद।** नेहरू युवा प्रखंड परिषद की ओर से अध्यक्ष अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप, एनवाईवी निरु कुमारी के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय के मध्य विद्यालय गोह में युवा सप्ताह के समापन किया गया। समारोह में बच्चो एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सम्मानित किया गया। आयोजित इस प्रतियोगिता में टॉप टेन में शामिल विद्या भारती, मानसी कुमारी, वंदना आदर्श, कनीज फातिमा एवं सौरभ कुमार को नेहरू युवा प्रखंड परिषद की ओर से मेडल,पेन एवं अन्य बच्चो को भी सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में शिक्षण एवं प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त होने पर प्रधानाध्यापक नवलकिशोर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित बी पी आर ओ कौशल किशोर, गोह थाने के पुलिस पदाधिकारी लतीफुर्र रहमान, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विन्देश्वरी शर्मा, लोजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संगीता देवी मनोरमा देवी जेई विकास कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हर युवाओं का आदर्श हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार, रवींद्रनाथ किशोर, उपाध्यक्ष नंदकिशोर विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, अमृत कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सुशील त्रिवेदी, महेश कुमार, पूनम कुमारी, कुमारी रागनी,अस्तिमा कुमारी, टूनि कुमारी. मो.जफर आलम सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### छात्र पर तार सहित गिरा बिजली का पोल दबने से गयी जान

**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भटौली गांव में गुरुवार की शाम बिजली का पोल गिरने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना स्थित एम्स में उसने देर रात दम तोड़ दिया। मृत छात्र भटौली गांव निवासी लाल बाबू सिंह का 13 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार उर्फ अंकुश कुमार था। वह दूसरी कक्षा में पढ़ता था। इधर, प्रखंड के हरदिया पंचायत के सरपंच पति दिनेश पांडेय ने बताया कि गुरुवार की शाम छात्र बाजार से कुछ सामान खरीद कर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में तार सहित बिजली का पोल उस पर गिर पड़ा। उसमें दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था। उसके बाद उसे पटना स्थित एम्स ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### सड़क दुघर्टना वाद के पीड़िता को मिला चार लाख से अधिक रुपए

**औरंगाबाद।** मोटर दुर्घटना वाद में सिविल कोर्ट के एडीजे तीन ब्रजेश कुमार सिंह ने पीड़िता टंडवा थाना क्षेत्र के सिमरा बहादुरगंज गांव निवासी वशमतियां कुंवर को मुआवजा से संबधित चेक प्रदान किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी रिसियप थाना में दर्ज कराई गई थी जिसमें बताया गया था कि 01.06.21 को सुबह राम-लखन राम अपने गांव से अंबा बाजार साइकिल से गए थे, लौटते समय एनएच -139 पर बभंडी गांव के सामने तेजी और लापरवाही से आ रही एक भारी वाहन ने छक्का मार दी जिससे वे जख्मी हो गए थे जिन्हें कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित किया गया था। इस वाद में पीड़िता के तरफ से वरीय अधिवक्ता कमला प्रसाद एवं नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से वरीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने भाग लिया।

## आरा नगर थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव की घटना, हत्या से हर कोई अवाक

# घरेलू विवाद में कर दी गई विवाहिता की हत्या, आंख-नाक से निकल रहा था खून

- पिता बोले: सास ने रख लिये थे जेवर मांगने पर की गयी आरती की हत्या
- पति और ससुर को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव में गुरुवार की रात घरेलू विवाद में एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। उसकी आंख और नाक से खून निकल रहा था। गले पर काले रंग का निशान भी मिला है। मायके वालों की ओर से ससुराल के लोगों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मृत महिला छोटकी सिंगही गांव निवासी विष्णु प्रसाद की 30 वर्षीया पत्नी आरती देवी थी। वहीं हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची और छानबीन की। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पुलिस महिला के पति और ससुर को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। इधर, आयर गांव निवासी केदार प्रसाद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आरती की शादी मार्च 2016 में छोटकी सिंगही गांव निवासी भरत प्रसाद के पुत्र विष्णु प्रसाद के साथ की थी। शादी के कुछ दिन के बाद ही उसकी सास गिरजा देवी द्वारा आरती के सारे गहने अपने पास रख लिया गया था। मांगने पर भी नहीं देती थी। उनके मन के अनुसार काम नहीं करने पर बेटों से पिटवाती थी। उसको लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था और ससुराल वालों द्वारा उसके साथ उसे हमेशा प्रताड़ित किया जाता था। छह माह पूर्व आरती देवी आयर गांव की गई थी। 15 दिन पूर्व ही अपने ससुराल छोटकी सिंगही लौटी थी। ससुराल जाने के बाद उसने सास से अपना गहना मांगे, तो उन्होंने देने से मना कर दिया। गुरुवार की रात उसके पति की ओर से फोन पर आरती द्वारा फांसी लगाने की सूचना दी गयी। उस पर वह बेटी के ससुराल छोटकी सिंगही पहुंचे, तो देखा कि आरती घर में मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। तब उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। केदार प्रसाद द्वारा गहने रखने के विवाद में ही पति विष्णु प्रसाद, ससुर भारत प्रसाद और सास गिरजा देवी पर फांसी लगाकर आरती की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।





### विवाद में तीन बच्चों से छीना मां का प्यार, रो-रोकर बेहाल

पति, पत्नी और सास के विवाद में तीन बच्चों से उनकी मां का प्यार छीन गया। तीनों के सर से मां का आंचल हमेशा के लिए उठ गया। मां की मौत के बाद तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।बताया जा रहा है कि आरती को दो पुत्र गोविंद, आयुष और पुत्री हिमानी है। आरती तीन बहन और दो भाई में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

### 10 हजार के लिए गर्भवती की गला दबाकर हत्या

**आरा।** धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर गंज गांव में शुक्रवार की सुबह महज दस हजार रुपए के लिए एक गर्भवती विवाहिता की हत्या कर दी गयी। इलाज के लिए पैसे नहीं देने पर ससुराल वालों द्वारा गला दबाकर उसको मार डाला गया। उसके गले पर नाखून का निशान और दीवार पर खून के छींटें भी मिले हैं। मृत विवाहिता शिवपुर गंज गांव निवासी मुकेश साह की 20 वर्षीया पत्नी आशा देवी थी। हसन बाजार ओपी क्षेत्र के पचरुखिया गांव की रहने वाली आशा देवी की शादी पिछले साल ही फरवरी माह में हुई थी। आशा देवी के पिता दयालु साह ने बताया कि शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। इस बीच उनकी बेटी गर्भवती हो गयी। तब उसके पति, सास, ससुर और ननद द्वारा कहा जाने लगा है कि गर्भवती हो और इलाज करने के लिए अब पैसे की जरूरत है। अपने मायके वालों से दस हजार रुपए मांगो। उस पर उनकी बेटी द्वारा कहा गया कि मेरे पिता ने आपसे शादी कर दी है। यह बच्चा आपका है। इलाज के पैसे भी आपको भी देना पड़ेगा। उस बात को लेकर पति और ससुराल वालों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह उनकी बेटी की मौत की सूचना मिली।

## बिहिया थाने को मिलेगा नया मॉडल भवन



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के बिहिया थाने को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त नय भवन मिलेगा। सब कुछ ठीक रहा तो एक साल के अंदर नया मॉडल भवन मिल जायेगा। शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ नये भवन का निर्माण शुरू हो गया। विद्वान पंडित की देखरेख और मंत्रोच्चार के बीच एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा स्वीकृत जमीन पर भूमि पूजन किया गया। पांच करोड़ की लागत से बन रहा भवन जी प्लस चार साइज का होगा। आउट हाउस का भी निर्माण किया जा रहा है। एसपी ने कहा कि एक साल के अंदर और गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जायेगा। उसे लेकर एसपी की ओर से मौके पर मौजूद पुलिस बिल्डिंग के अफसरों और निर्माण में लगे कर्मियों को निर्देश भी दिया। एसपी ने बताया कि इस साल भवन विहीन सभी थानों और ओपी के लिए नये भवन बनाने का टारगेट है। उसके तहत कृष्णगढ़, सिन्हा, धोबहां बहोरनपुर, और बबुरा ओपी के भवन का जल्द निर्माण शुरू किया जायेगा। उसकी प्रकिया शुरू कर दी गयी है। बहोरनपुर ओपी भवन के लिए नयी जमीन की तलाश की जा रही है। इस अवसर पर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, इंस्पेक्टर कमलेश्वर प्रसाद, थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह, दारोगा रामस्वरूप राम, अनिल कुमार सिंह, ज्योति कुमारी, रामाशंकर सिंह, पीएसआई पूजा कुमारी, शशिभूषण राम, एएसआई मनोज कुमार, कनीय अभियंता संदीप कुमार, सहायक अभियंता जय प्रकाश गुप्ता, जगदेव सेना के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर महतो और दीपक केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हनुमान जी व सूर्य भगवान की स्थापना के लिए निकली कलश यात्रा





**केटी न्यूज/जहानाबाद**

22 तारीख को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। उसी को देखते हुए माँ मंडेश्वरी मंदिर में हनुमान जी एवं सूर्य भगवान का 22 तारीख को प्रतिमा की स्थापना किया जाएगा ,इसको लेकर आज कलश यात्रा निकाला गया यह कलश यात्रा मंदिर से निकलकर शहर होते हुए माँ मंडेश्वरी मंदिर में स्थापित किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया इस कलश यात्रा के नेतृत्व कर रहे महात्मा ने बताया कि पूरा देश इस समय भक्ति में डूबा हुआ है। सभी मंदिरों में भगवान की पूजा हो रही है। उसी को देखते हुए माँ मंडेश्वरी मंदिर में सूर्य भगवान एवं हनुमान जी का प्रतिमा का स्थापना किया जा रहा है। इसी को लेकर आज से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है यह कार्यक्रम 22 तारीख तक चलेगा उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आप लोग भी अपने घर में दीप जलाकर 22 तारीख को उत्सव के रूप में मनाए कई वर्षों के बाद भगवान रामचंद्र जी विराजमान हो रहे हैं देशवासियों के लिए खुशी का पाल है। सभी मंदिरों में साफ सफाई किया जा रहा है और 22 तारीख को विशेष रूप से पूजा अर्चना किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर परेड ग्राउंड में प्रदर्शित की जाएगी झांकी



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गणतंत्र दिवस समारोह 2024 की तैयारी की समीक्षा हेतु समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह तथा संबंधित विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक प्रभात फेरी का पर्यवेक्षक तथा निगरानी करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया राष्ट्रगान हेतु बच्चों का चयन किया जा चुका है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गांधी मैदान में परेड का पूर्व अभ्यास 21.1.2024 से शुरू किया जाएगा। गांधी मैदान के परेड में डीएपी, सैफ, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड के प्लाटून भाग लेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद में बताया कि गांधी मैदान में मिट्टी का समतलीकरण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद में गांधी मैदान की साफ सफाई हेतु भी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद को निर्देश दिए। गांधी मैदान में झंडोत्तोलन का समय 9:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित किया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी परेड ग्राउंड में प्रदर्शित की जाएगी। इस वर्ष जल जीवन हरियाली, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, निर्वाचन विभाग, आदि द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारी झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।






# साहब के जाते ही स्कूलों से गायब होने लगे शिक्षक, जांच में खुलासा

♦ सिमरी बीपीएम के जांच में दो दिनों से बंद मिला मध्य विद्यालय कठार, स्कूल का ताला खोल गायब थे प्रधानाध्यापक



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने शिक्षकों को सख्त आदेश दिया था कि सुबह 9 से शाम पांच बजे तक स्कूल में बने रहने तथा शिक्षण कार्य को गुणवत्तापूर्ण संचालित करना है। लेकिन, उनके छुट्टी पर जाते शिक्षा विभाग की कार्यशैली पुराने ढर्रे पर आ गई है। सिर्फ शिक्षक ही स्कूलों से नहीं गायब हो रहे है बल्कि पूरा स्कूल ही बंद मिल रहा है। इसकी बानगी शुक्रवार को मध्य विद्यालय कठार में सिमरी बीपीएम मो. कौशर के जांच में मिला। बीपीएम ग्रामीणों की शिकायत पर इस विद्यालय की जांच करने सुबह साढ़े दस से पौने ग्यारह के बीच गए थे। इस दौरान विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तो खुला था, लेकिन अंदर जाने पर कार्यालय में ताला लटका मिला। जाहिर है प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक गायब थे। हालांकि बीपीएम ने जब फोन पर प्रधानाध्यापक श्याम नारायण ओझा से बात की तो वे कई बहाना बनाते हुए आधा घंटा के अंदर स्कूल में आ गए। लेकिन, बीपीएम के रहने तक विद्यालय में तैनात 17 में से एक भी शिक्षक नहीं आ सकें। बीपीएम ने इसे गंभीर मामला बताते हुए तत्काल सिमरी बीईओ त्रिलोकीनाथ पांडेय तथा वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। हालांकि प्रधानाध्यापक ने बताया कि वे अवकाश पर थे। बता दें जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण डीएम अंशुल अग्रवाल ने 20 जनवरी तक वर्ग एक से आठ तक की कक्षाओं की छुट्टी कर दी है। लेकिन शिक्षकों को सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक विद्यालय में बने रहने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, मध्य विद्यालय कठार के शिक्षक डीएम तथा शिक्षा विभाग के इस आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है। जाहिर है अपर मुख्य सचिव के छुट्टी पर जाते ही शिक्षकों में विभागीय निर्देश तथा प्रशासनिक अधिकारियों के फरमान को कोई असर नहीं रह गया है। अब देखना है कि विभाग ऐसे लापरवाह शिक्षकों पर क्या कार्रवाई कर रहा है।

**क्या कहते हैं डीईओ:** शिक्षकों का स्कूल से गायब होना गंभीर मामला है। इसकी जानकारी मिली है, पूरी रिपोर्ट मंगवाया गया है। लापरवाह शिक्षकों का वेतन रोकने के साथ ही उनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। – **अनिल कुमार द्विवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर**

## बिजली कनेक्शन को लेकर लगाया शिविर

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर गांव में बिजली कंपनी के निर्देश पर कृषि के लिए नए कनेक्शन लेने को लेकर शुक्रवार को शिविर लगाया गया। शिविर का नेतृत्व विद्युत कंपनी के जेई अवनीश कुमार ने किया। शिविर में उपभोक्ताओं को सरकार एवं विभाग के निर्देश के आलोक में कृषि के लिए नए कनेक्शन लेने को लेकर जानकारियां दी गई। जेई ने बताया कि खेती के लिए मोटर चलाने को लेकर कनेक्शन लेना जरूरी है। बिना कनेक्शन के मोटर चलाना अवैध है। उन्होंने बताया कि नए कनेक्शन के लिए एक आवेदन आया है।

## एक नजर

### नेहरू नगर इलाके से युवती का शव बरामद

**बक्सर।** टाउन थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर इलाके से शुक्रवार की सुबह एक युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। युवती आयु 18 से 20 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। शव कंबल में लपेटकर दिव्य लोक चिकित्सालय के सामने स्थित मृत नहर में फेंका गया था। कुत्ते की भौंकने की आवाज पर लोगों की नजर कंबल में लपेटकर फेके गए युवती के शव पर पड़ा। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना नगर थाने के पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि उसकी कही अन्यत्र हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की नियत से यहां लाकर फेंका गया है। नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवती के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही इस मामले का उद्वेदन कर लिया जाएगा।

### नया भोजपुर में वितरीत हुआ पूजित अक्षत



**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के नया भोजपुर गांव में अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत का वितरण घर-घर किया गया। यह वितरण भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद धनंजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया गया। पूजित अक्षत को पाने के लिए लोगों में काफी उत्सुकता देखा गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। धनंजय पांडेय ने बताया कि यह पूजित अक्षत अयोध्या से आया है और इसे हर घर तक पहुंचाना है। अक्षत देते समय लोगों को इसको रखने का तौर तरीका भी समझाया जा रहा था कि इस अक्षत को पूजा के घर में रखना है तथा 22 जनवरी के दिन सुबह 11 बजे से दोपहर के 2 बजे तक रामचरित मानस तथा हनुमान चालीसा का पाठ करना है। वहीं शाम के समय में जैसे दिवाली के दिन घर को सजाया जाता हैं, उससे कहीं और बढ़ चढ़कर दिवाली से भी बेहतर तरीके से अपने घर को दीये से सजाना है। धनंजय पांडेय ने कहा कि लोगों को समझाया गया कि स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए तथा घरों के बाहर रंगोली बनाई जाए, मंदिरों में भजन कीर्तन का अनुष्ठान हो, लोग एक दूसरे को मिठाईयां खिलाएं उस दिन जम के आतिशबाजी हो। मौके पर नंदन ओझा, गौरव श्रीवास्तव, राजा चौबे तथा दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### जीपीडीपी के तहत बैठक, योजनाओं का हुआ चयन



**केसठ।** पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में शुक्रवार को जीपीडीपी के सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने व संचालन पंचायत सचिव अभय कुमार ने किया। बैठक में पंचायत के विभिन्न योजनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पंचायत में गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए चर्चा की गई। मनरेगा योजनाओं में मजदूर को अत्यधिक काम मिले और पंचायत में रहकर कृषि से संबंधित कार्य करें इसको लेकर भी चर्चा की गई। वही ग्राम सभा में मुखिया ने कहा कि जीपीडीपी के अंतर्गत सभी विषयों को कार्यान्वित करने वाले सभी विभाग अपने फ्रंटलाइन वर्कर के माध्यम से सभी योजना का निर्धारण ग्राम सभा के माध्यम से करेंगे। सभी योजनाओं को मिलकर मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मुखिया ने कहा कि सरकार की सोच है कि गांव में बिजली, पानी, सड़क मुहैया कराई जाए। इसके अलावे गांव की अन्य सुविधाओं के लिए भी काम किया जा रहा है। वही बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या को मुखिया से अवगत कराया।

## खबरें फटाफट

### महिला ने मारपीट व चेन छीनने का लगाया आरोप

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव की रहने वाली सुगिया देवी पति सर्वजीत यादव ने अपने पड़ोस के अशोक यादव, धर्मेन्द्र यादव व बिरेन्द्र यादव तथा तीनों की पत्नियों पर घर में घुस मारपीट करने, सोने का चेन छिनने तथा बीच बचाव करने आए उसके चाचा तथा 10 वर्षीय पुत्र को भी पिटने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि वह अपने घर के आंगन में बैठी थी तभी आरोपित लाठी डंडा से लैस होकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### फर्जी निकला युवक के अपहरण का मामला

**डुमरांव।** गुरुवार की देर शाम डुमरांव के साफाखाना रोड से एक युवक के अपहरण का कथित मामला पुलिस के जांच में फर्जी निकला है। हालांकि इस मामले को ले पूरी रात पुलिस हलकान रही। लेकिन परिणाम ढांक के तीन पात वाला ही निकला। पुलिस के बुलाने पर भी उसके परिजन एफआईआर दर्ज कराने भी नहीं आए। वैसे सूत्रों की मानें तो मामला लेनदेन के विवाद से जुड़ा था। उसी पैसे को हड़पने के लिए यह ड्रामा किया था। बता दें कि गुरुवार की शाम साफाखाना रोड से इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बरहना गांव निवासी अभय सिंह के अपहरण की अफवाह थी।

## मंदिर में छठवी बार चोरों ने किया अपना हाथ साफ, सीसीटीवी को किया क्षतिग्रस्त

# डुमरांव मां काली आश्रम से 176 किलो का दो घंटा चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश



♦ बीती रात अज्ञात चोरों ने दिया घटना को अंजाम, सीसीटीवी खंगाल चोरों की पहचान में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांववासियों के आस्था का अटूट केंद्र नगर पंचित मां काली आश्रम मंदिर से चोरों ने दो घंटों की चोरी कर ली है। घटना बीती रात की है। घंटे की चोरी करने से पहले चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार भी काट उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं का आक्रोश गहरा गया है। वहीं स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मंदिर से थोड़ी दूर स्थित संत जन सेकेंडरी स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की हरकत कैद हो गई है। हालांकि उनका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष भगवानजी वर्मा ने बताया कि मां काली के मुख्य गेट के पास लगे 125 किलो तथा 51 किलो वजन के पीतल के दो घंटों की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में चोरी की यह छठवीं घटना है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई पड़ रहा है कि रात 11.20 में अज्ञात चोर मंदिर में प्रवेश किये। इसके बाद सीसीटीवी का तार काटे जाने से मंदिर में चोरी की हरकते कैद नहीं हो सकी। चोरों ने पेंट करने के लिए रखी गई सीढ़ी, दान पेटी तथा एक छोटी चौकी के सहारे दोनों घंटे चुरा लिए। चुकी दोनों घंटे वजनी थे इस कारण आशंका जताई जा रही है कि चोरों की संख्या अधिक होगी। मंदिर के पीछे से घंटा ले जाए जाने के निशान भी मिले है। चोर उसे लेकर संत जॉन स्कूल के रास्ते ही गए है। इस इलाके में पुलिस गश्त नहीं होने तथा मंदिर में लगातार चोरी होने से श्रद्धालुओं तथा मंदिर प्रबंध समिति में गहरा आक्रोश है।



## केसठ में बंद घर का ताला तोड़ 50000 की चोरी

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ में लगातार चोरी की वारदात बढ़ गई है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि रात की कौन कहे दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला केसठ गांव का है। जहां शुक्रवार की दोपहर चोर एक बंद घर का ताला तोड़ घुस गए और वहां से 50 हजार नगद सहित लाखों का जेवरात ले उड़े। वारदात के समय पीड़ित मुन्ना यादव व बच्चें खेत पर गए हुए थे। जबकि उसकी पत्नी पंचायत सरकार भवन पर आयोजित आमसभा में गई हुई थी। इसी दौरान चोरों ने मौका पा उसके घर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोरी की घटना की जानकारी पड़ोसियों ने पीड़ित को फोन कर बताया कि उसके घर के पीछे से अज्ञात लोगों को भागते हुए देखा गया, वही घर का मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। पीड़ित घर पहुंचा तो देखा कि घर में रखा 50 हजार नगद व लाखो कें जेवरात गायब है। घर का सारा सामान जहां-तहां बिखरा हुआ थी। वही दिन दहाड़े हुए चोरी की वारदात से स्थानीय पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है। पीड़ित द्वारा स्थानीय नावानगर थाना को सूचना दे दी गई है। स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच जांच कर लौट गई। मजे की बात तो यह है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं में इजाफा होने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त तेज नहीं किया है। वही पुलिस द्वारा चोरों पर करवाई नही होने से चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जिसका नतीजा है की रात के अंधेरे में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस को चुनौती देते हुए दिन में चोरी की वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिये है। जो पुलिस के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

# शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाएं छात्र-छात्राएं, अपने जीवन को बनाएं बेहतर :

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदन में आज शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव संदीप कुमार पांडेय ने व मंच संचालन शिक्षक बिमल कुमार सिंह ने किया। जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक नवनीत कुमार ने किया। बीडीओ संदीप ने अपने संबोधन में इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि सरकार शिक्षा विभाग के माध्यम से कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। जिसकी जानकारी सभी बच्चों तथा अभिभावकों को होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की जानकारी देने के लिए ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान बीडीओ ने मुख्यमंत्री साइकिल योजना, बालिका पोशाक योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मिशन दक्ष योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, शैक्षणिक परिभ्रमण योजना सहित कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दे उसका लाभ उठाने की अपील की। बीडीओ ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए सरकार की तरफ से



योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों से उनके पठान-पाठन से संबंधित होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की कार्यशैली पर बच्चों ने संतुष्टि जाहिर की। विद्यालय परिवार ने सभी आगत पदाधिकारी व गणमान्य अतिथियों का माला बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्रों के साथ शिक्षक और अभिभावक भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डुमरांव रजनीश कुमार उपाध्याय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बीपीएम, बीआरपी, पूर्व प्रधानाध्यापक फूलन सिंह यादव, मुखिया रामजी सिंह यादव, पंचायत समिति सदस्य हरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# नगर परिषद् की पहल, वार्ड 18 के 100 जरूरतमंदों को दिया कंबल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कड़ाके की ठंड को देखते हुए डुमरांव नगर परिषद प्रशासन ने सभी वार्डो के 100-100 गरीबों को कंबल का वितरण कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर के वार्ड 18 स्थित लालगंज कड़वी मोहल्ले में वार्ड के चयनित 100 गरीबों के बीच कंबल बांटा गया। यह वितरण मुख्य पार्षद सुनीता देवी के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर तथा स्थानीय वार्ड पार्षद अनु देवी के प्रतिनिधि रितेश सिंह उर्फ भुटेली सिंह के हाथों किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित ने बताया कि ठंड व शीतलहर को देखते हुए नगर परिषद बोर्ड ने सभी वार्डों में 100-100 कंबल बांटने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि एक दो दिनों के अंदर सभी वार्डों में यह वितरण कर



दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अभी भी शीतलहर का दौर जारी है। जबकि शहर के कई ऐसे परिवार है जिनके पास पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं है। इसी को देखते हुए नगर परिषद ने इस बार सभी वार्डों में कंबल वितरीत कर रहा है। वही स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रितेश सिंह ने कहा कि चयनित जरूरतमंदों को बीच कंबल का वितरण किया गया।

## कस्तूरबा विद्यालय की तीन छात्राओं ने कल्याणकारी योजनाओं पर किया अपना अनुभव साझा

# सरकार युवाओं को शिक्षित कर बना रही स्वावलंबी : डीएम

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय नावागर हाई स्कूल में शुक्रवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल, डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी व एसडीएम कुमार पंकज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम सभी अधिकारी एवं आगंतुकों का स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ने सभी अधिकारियों



को पौधा देकर उनको सम्मानित किया। सम्मानित के बाद शिक्षा संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें छात्रों को सभी अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। वही छात्रों ने भी अपनी परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया।

इधर संवाद कार्यक्रम के तहत डीएम ने अपने संबोधन में कहा की सूबे की सरकार युवाओं को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। सरकार की इन योजनाओं से शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकास है। उन्होंने कहा शिक्षा का स्तर पहले के अपेक्षा काफी ऊपर उठा है।

जिसका परिणाम सामने है। छात्राएं काफी संख्या में स्कूल आ रही है, महिलाएं सभी परीक्षा में प्रथम स्थान पा रही है। वही एसडीएम ने बिहार सरकार द्वारा छात्र हित में संचालित शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कस्तूरबा विद्यालय की तीन छात्राओं ने बिहार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर अपना अनुभव को साझा किया। अंत में डीएम ने प्रधानाध्यापिका को पौधा देकर बीडीओ मनोज कुमार की धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपीओ चंदन कुमार द्विवेदी, सीओ अजीत कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी समेत सभी शिक्षक, शिक्षिका व छात्र - छात्रा तथा अभिभावक मौजूद थे।






# 30 हजार मंदिरों को तोड़कर भारत भूमि पर मस्जिद बना दी गईः तोगड़िया

♦ 496 सालों तक चले हिंदुओं के संघर्ष के बाद रामलला का मंदिर बनकर हुआ तैयार-प्रवीण तोगड़िया

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

प्रसिद्ध शिव मंदिर महाहर धाम में बजरंग दल अध्यक्ष व संस्थापक प्रवीण तोगड़िया सैकड़ों कार्यकताओं के साथ गाजीपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए। तत्पश्चात जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की 30 हजार मंदिरों को तोड़कर इस धरती पर मस्जिद बना दी गई। काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़कर भी मस्जिद बना दिया गया। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर था, उसको भी तोड़कर मस्जिद बना दिया गया। लेकिन 496 सालों तक चले हिंदुओं के इस महान संघर्ष के बदौलत अब रामलाल पुनः अपने मूल स्थान पर विराजमान होने जा रहे हैं। यह भारत के गौरव का महान पल है।



**सनातन धर्म सहिष्णुता के पराकाष्ठा का धर्म**

हिंदू एवं सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदू था। एक समय अरबिस्तान भी हिंदू था। अफ्रीका, यूरोप व अमेरिका में भी हिंदुओं का राज था। दुनिया में सबसे पहले हिंदू का मंदिर टूटा उधर यूरोप में रोम का मंदिर टूटा, जहां आज वैटिकन शहर है। यह बातें राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने महाहर धाम में एक संबोधन में कही। आगे उन्होंने कहा कि हमेशा से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मंदिर तोड़कर या तो मस्जिद बनाई गई या ईसाई धर्मस्थली बनाई गई। लेकिन हिंदू धर्म सहिष्णुता के पराकाष्ठा का धर्म है, विनम्रता के पराकाष्ठा को छू जाने वाला करुणा के सागर का यदि कोई जीवंत धर्म है तो वह सनातन धर्म है। जिसमें पूरे विश्व का आयाम समाया हुआ है। विश्व बंधुत्व की संकल्पना सिर्फ सनातन धर्म के ही वश में है।

**अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए किया आवाह्न**

हिंदुओं की आत्मा कभी मरती नहीं है। हमने अयोध्या में कारसेवा का ऐलान किया कि अयोध्या चलो, मंदिर बनाने। तब बिना निमंत्रण लाठी व गोली खाने के लिए लाखों कार्यकर्ता अयोध्या की तरफ बढ़े। लाठियां व गोलियां चलती रहीं, लेकिन हमारे कारसेवक अपने प्राणों की परवाह नहीं करते हुए बाबरी ढांचे को ध्वस्त कर दिया। कहा हम तो खून की नदियों में खेलने वाले विजेता मृत्युंजय हिंदू हैं। हमने 90 में ही बाबर के ढांचे पर भगवा झंडा लहरा दिया था। ढांचा ढ़हने के बाद हमने एक ही नारा दिया हो गया जय श्रीराम। प्रवीण तोगड़िया ने लोगों से अयोध्या पहुंचकर दर्शन करने की अपील भी की। आपके स्वागत के लिए खुद दरवाजे पर खड़ा रहूंगा। इस दौरान दुर्गेश श्रीवास्तव, महाहर मंदिर समिति के सचिव वीरेंद्र, नागेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, विपिन सिंह, आशुतोष सिंह, शशिधर सिंह, वैभव, सिंहासन यादव, रवि प्रकाश सिंह, सुनील जायसवाल, अर्जुन यादव, नंदलाल सिंह, सुनील जायसवाल, रितेश सिंह, अखिलेश यादव, प्रियांशु श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### भदौरा स्टेशन के पश्चिमी अप लाइन पर पटरी चटकी, की-मैन की सतर्कता से टला हादसा

**गाजीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय -दानापुर रेल खंड के भदौरा रेलवे स्टेशन से पश्चिमी पोल संख्या 690-19/21 के बीच अप लाइन पर रेल पटरी चटक गई। पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन ने मामले की सूचना रेल अधिकारियों को देते हुए पीडब्ल्यूआई विभाग को स्थिति से अवगत कराया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे रेल कर्मियों ने मरम्मत के उपरांत रेल परिचालन सुचारू कराया। की-मैन की सतर्कता ने रेल ट्रैक क्रैक की सूचना देते दुर्घटना को रोका। बता दें कि सेवराई तहसील के पंडित दीनदयाल उपाध्याय- दानापुर रेलखंड अंतर्गत भदौरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी पोल संख्या 690- 19/21 के पास पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन उपेंद्र कुमार और श्रीराम की नजर टूटे हुए रेल पटरी पर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल रूप से भदौरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक रमेश कुमार को दी। रेलवे ट्रैक टूटने क्रैक की सूचना पाते ही संबंधित रेल कर्मियों एवं अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूआई के कर्मचारियों के द्वारा घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह रेल ट्रैक मरम्मत करते हुए आवागमन सुचारु कराया गया।

### ठंड के कारण 23 जनवरी को खुलेंगे विद्यालय

**प्रयागराज/गाजीपुर।** यूपी के सभी परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त सीबीएसई, सीआईएससीई समेत सभी बोर्ड के आठवीं तक के विद्यालय 20 जनवरी तक छात्र- छात्राओं के लिए बंद रहेंगे। सचिव प्रताप सिंह बघेल (उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद) ने कड़ाके की ठंड और मौसम विभाग के पूवार्नुमान को देखते हुए गुरुवार को यह आदेश जारी किया है। यही नहीं स्कूल संचालन का समय भी परिवर्तित किया गया है। अब पूर्वाह्न 10 से तीन बजे तक स्कूल संचालित होंगे। आदेश में स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालय अग्रिम आदेश तक पूर्वांह्न दस से अपरान्ह तीन बजे तक संचालित होगे। यह टाइमिंग अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश के बाद स्पष्ट है कि स्कूल अब 23 जनवरी को खुलेंगे, क्योंकि 21 जनवरी को रविवार है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कारण प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित है। इस प्रकार स्कूल अब 23 जनवरी को खुलेंगे।

### चोरों ने लाखों रुपये का सामान किया चोरी

**सुखपुरा।** कस्बा स्थित गुरुवार कि रात एक घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपया का समान चुरा ले गए। रात मे शौच करने उठे गृह स्वामी का बाहर से दरवाजा बंद था। तब जाकर इसकी जानकारी हो सकी।कि कुछ अनहोनी हुई हैं। उन्होंने फोन से अपने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पड़ोसियों ने देखा कि बाहर का दरवाजा की कुन्डी मे बाहर रस्सी से बांध दिया गया है। खोलकर जब अन्दर पहुंचे तो सारे कमरों मे बाहर से रस्सी से बांधकर मेन दरवाजे से ही बाहर आसानी से निकल गये। इसके बाद पुलिस को सुबह सूचना दी गई। बता दें कि विनय कुमार सिंह रिटायर फौजी है। परिवार के लोग दो अलग अलग कमरे में सो रहे थे।देर रात पिछे से छत के सहारे चोर सीढ़ी के रास्ते घुसकर दोनों कमरों को बाहर से बंद कर दिए। अन्य कमरों में रखा अलमारी खोलकर उसमें रखा सारा समान जिसमें सोने का अंगुठी, कंगन तथा चेन के साथ साथ तीन,चार अटैची जिसमें किमती कपड़े व जमीन संबंधित कागजात भी लेते गए। इसकी सूचना गृहस्वामी विनय सिंह ने थाने पर दिया है। पीड़ित की मानें तो इसके पूर्व भी चोर उनके घर में घुस कर चोरी का प्रयास कर चुके हैं। शुक्रवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह अपने दलबल के साथ पहुंचे ही थे कि उसी वक्त फोरेंसिक टीम भी पहुच कर मौका मुआयना किया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

**मऊ।** इंदारा स्थित मदरसा अरबिया बरकतुलउलूम करीमाबाद पर नेहरू युवा केंद्र मऊ के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर 12 जनवरी से लेकर 19 जनवरी तक युवा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान इंदारा जुबेर अहमद द्वारा किया। कार्यक्रम में सबसे पहले स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद नेहरू युवा मंडल के सदस्यों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जिसमे भाषण के माध्यम से युवाओं मे ऊर्जा भरा गया। मुख्य अतिथि मुश्ताक अली मंसूरी (अपना दल 2) के प्रदेश मीडिया प्रभारी जी द्वारा युवाओं को सम्बोधन मे कहा की आधुनिक व्यस्थाओ से दूर हट कर कुछ लोगो से संपर्क स्थापित कर जरूरत मंद लोगों का सहयोग करें। बरकत अली बिशिस्ट अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। वर्तमान परिवेश में उनकी विचारधारा पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाया जा सकता है और आज की युवाओं को इनसे सबक लेने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जुबेर अहमद, शौकत अली, मुश्ताक अली मंसूरी,सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, जंग बहादुर यादव, रामसमुझ,नवाज शरीफ, फिरोज मंसूरी, हैदर अली,फैजुल हसन मुतुर्जा अंसारी, निसार अहमद सहित मदरसे के युवाओं उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### पाक्सो एक्ट के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**बलिया।** बलात्कार व पाक्सो एक्ट के एक मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार की शाम आरोपी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम सोनू रावत पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार निवासी वार्ड नंबर 2 चितबड़ागांव गांव का रहने वाला है। आरोपी सोनू रावत के खिलाफ चितबड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत किया। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी सोनू रावत को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### तमंचा के बल पर सेल्समैन से लूट का प्रयास

**बिल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के राजपुर स्थित देशी शराब की दुकान पर गुरुवार की रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे अज्ञात दो बदमाशों ने सेल्समैन पर तमंचा से फायर झोंककर कैश लूटने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और तमंचे के छरे से हल्के रूप में घायल सेल्समैन जयराम यादव का सीएचसी सीयर पर इलाज कराया। सूचना मिलते ही दुकान के ठीकेदार भी पहुंच गये। इस सम्बंध में जब राजपुर स्थित देशी शराब की दुकान के सेल्समैन जयराम यादव से बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि लगभग साढ़े 8 बजे रात्रि में मुहं बांधे दो लोग बाइक से आए, उस समय हम पैसे का मिलान कर रहे थे। वे लोग कैस मांगने लगे। नहीं देने पर खिड़की से तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसमें हमे कुछ छरे चेहरे पर लगे और बड़ी घटना होने से बाल-बाल बच गए।

### संशोधित मतदाता सूची के अनुरूप होगा मतदान

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन चंदौली के वार्षिक चुनाव में संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद 2814 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वरिष्ठ समिति के चंद्रमौलि उपाध्याय ने बताया कि बार 20 जनवरी को होने वाले चुनाव में एसोसिएशन के आजीवन सदस्य 1147 हैं तथा नए सदस्य 1667 हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 2814 अधिवक्ता मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। चुनाव पूर्वान्ह 10 .30 बजे से सायं 5 .00 बजे तक होगा। मतगणना 6 .00 बजे शाम से प्रारम्भ होकर समाप्ति तक चलेगी। चुनाव में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी परिचय पत्र व सीओपी चुनाव में भाग लेने के लिए आवश्यक प्रपत्र होंगे।

### मेडिकल स्टाफ ने की अस्पताल में सफाई

**चंदौली।** सफाई अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगवार में कर्मचारियों द्वारा प्रांगण सहित अस्पताल परिसर का साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया । सफाई अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगवार के प्रांगण में दर्जनों कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर के साथ-साथ वार्ड ,चैंबर,स्टोर रूम आदि की साफ सफाई की गई।

## बलिया जिला के दोकटी थाना क्षेत्र के धतुरी टोला गांव की घटना, दो लोग गिरफ्तार

# युवक ने घर बुला युवती की कर दी हत्या

**केटी न्यूज/ लालगंज**

दोकटी थाना क्षेत्र के धतुरी टोला गांव में मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना प्रकाश में आया है। गुरुवार की रात एक युवक द्वारा अपने घर बुलाकर युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारा शव को अपने कमरे में छोड़कर फरार हो गया। सुबह इसकी जानकारी लोगों को हुई तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची दोकटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। मौके से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है। इस घटना से लोग सन्न है।



बता दें कि धतुरी टोला निवासिनी मृतका नेहा सिंह (19) के पिता विनय सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी बेटी को योजनाबद्ध तरीके से एक राय होकर सूर्य प्रताप सिंह उर्फ उपेंद्र सिंह उर्फ लड्डू सिंह उनके पिता दवेन्द्र नाथ सिंह व उसकी माता सुनीता सिंह ने घर बुलाया, जहां सूर्य प्रताप सिंह उर्फ लड्डू सिंह ने उसके सीने में गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पूछताछ के लिए दवेंद्र नाथ सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है। पुलिस को मृतका के डायरी का एक पन्ना बरामद हुआ है। जिसमें सूर्यप्रताप पर ब्लैकमेल, शारीरिक शोषण व पूरे परिवार को जान से मारने की बात भी लिखी गई हैं। वहीं सूर्य प्रताप द्वारा मृतका के मोबाइल पर अश्लील बातों के साथ अपने घर पर रात में नहीं आने पर मृतका के पूरे परिवार को जान से मार देने की बात चैट की गई है। पुलिस सभी चैट स्क्रीनशॉट मोबाइल व डायरी का पन्ना अपने कब्जे में ले लिया हैं। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि घटना की जांच कई बिंदुओं पर की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच मौके पर क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान व रेवती के थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल की जांच की । सीओ ने पीड़ित को न्याय का भरोसा दिया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगी हुई है।

**प्रेम प्रसंग का मामला आया सामनेः** अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जांच पड़ताल में प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मृतका के पिता के तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और प्रेमी सूर्य प्रताप एवं उसके पिता देवेंद्र नाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरे की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## नेशनल हाईवे पर सब्जी विक्रेता को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

नंदगंज थाने के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर रेवसां मोड़ के पास बीती रात अज्ञात हमलावरों ने लाठी- डंडे से पीटकर एक युवा किसान एवं सब्जी विक्रेता को मार डाला। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रेवसां गांव निवासी रामबिलास कनौजिया (30) सब्जी बेचने नंदगंज मंडी जा रहा था। इसी बीच हाई-वे पर रेवसां मोड़ के पास पहले से घात लगाए हमलावरों ने उसके आते ही लाठी-डंडे से प्रहार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। बता दें कि हमलावार में दो युवकों के साथ एक लड़की भी थी। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने घायल युवक को मेडिकल कालेज अंतर्गत अस्पताल में भेजवाया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



घटना की जानकारी होने पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र व सैदपुर सीओ शेखर सेंगर व फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई।

**सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था मृतकः** मृतक घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। पत्नी सरिता देवी व माता फुलझारी देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया मृतक के पिता हीरा कनौजिया ने तीन अज्ञात के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही उस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला जा रहा है। आरोपी शीघ्र पकड़े जाएंगे।

## मिशन कायाकल्प से जुड़े कार्य को शीघ्र पूर्ण करेंः जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/ चंदौली**

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने मिशन कायाकल्प का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

मिशन कायाकल्प के अंतर्गत चहनिया में विभिन्न इंडिकेटर इनकंप्लीट है इस संबंध में जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए एक सप्ताह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। शिक्षकों की उपस्थिति कम होने पर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को सख्ती बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षकों और छात्रों दोनों की उपस्थिति बढ़ाने के कड़े दिशा निर्देश दिया।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य एवं अन्य विभिन्न बिंदुओं को अगली बैठक में शामिल करने के निर्देश दिए। माध्यमिक विद्यालयों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस के बारे में पूछताछ की और अगली मीटिंग से सारी सूचना लेकर आने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य में धन की कमी या अन्य किसी तरह की समस्या आने पर उन्हें तत्काल अवगत कराया जाय। खेल के मैदान के संबंध में जिलाधिकारी ने डीआईओएस को स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में खेल के मैदान अवश्य उपलब्ध होने चाहिए।यदि इस संबंध में समतलीकरण या बाउंड्रीवाल की समस्या है तो उसे नरेगा से कराया जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस व बीएसए को ड्रॉप आउट होने वाले बच्चों को ट्रैक करने के संबंध में निर्देशित किया।

## राजस्व व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समस्याओं का डीएम ने किया निस्तारण

**केटी न्यूज/ बलिया**

किसान दिवस के अवसर पर डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका शीघ्र निस्तारण किया जाए। खासकर कृषि, सिंचाई व बिजली विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से किसान भाइयों की बातों का ख्याल रखने को कहा। किसान अखिलेश सिंह ने डीएम को अवगत कराया कि रबी सीजन में पैदावार कम होने की आशंका है खासतौर पर गेहूं की। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत भारतीय कृषि बीमा कंपनी एआईसी द्वारा फसलों का बीमा प्रीमियम कराया गया है



लेकिन सभी किसानों को उनकी क्षतिपूर्ति के लिए बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने क्रॉप कटिंग के आधार पर इस योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया। साथ ही कुछ किसानों के खाते से धनराशि स्वैच्छिक रूप से कट जा रही है। इस पर डीएम ने एलडीएम से पूछा तो उसने बताया कि एक सीजन में बीमा प्रीमियम करा लेने पर दूसरे सीजन में राशि स्वैच्छिक रूप से कट जाती है यदि किसान चाहे तो बैंक में जाकर उसे रुकवा सकते हैं। डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि कृषि बीमा कंपनी से इस संबंध में रिपोर्ट लेकर, कि कितने लोगों को इस योजना के माध्यम से लाभान्वित किया गया है, प्रस्तुत करें। डीएम ने कहा कि बैंकों से बीमा प्रीमियम की राशि स्वैच्छिक और ऐच्छिक रूप से कटने संबंधी विसंगति को शासन स्तर पर अवगत कराया जाएगा।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बारा और कुर्रा टीम के बीच खेला गया

# कुर्रा ने बारा को 2-1 से हराकर फुटबाल ट्राफी पर जमाया कब्जा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सेवराई तहसील अंतर्गत बारा गांव के पूर्वी खेल मैदान में बारा फुटबॉल क्लब के द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बारा और कुर्रा टीम के बीच खेला गया। जिसमें कुर्रा ने बारा को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल रहे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर इन्हें सही दिशा और संसाधन मिले तो



निश्चित तौर पर यह देश प्रदेश स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इससे पूर्व मैच के मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि ने फीता काटकर एवं कबूतर उड़ाकर खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया एवं मैच की शुरूआत की। बारा फुटबॉल क्लब बारा के बैनर तले आयोजित राज्य स्तरीय छह दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बारा और कुर्रा के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के खिलाड़ी गोल करने के लिए गेंद पर जूझते रहे। जिसमें बारा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मैच में रोमांच भर दिया। बारा टीम के खिलाड़ी कमरान ने पहला गोल दागकर बढ़त बना ली। दूसरे हाफ के मैच में जवाबी कार्रवाई में कुर्रा टीम के कौशर ने भी एक गोल दागकर मैच को बराबरी पर ला दिया। मैच समाप्ती के कुछ समय पहले ही कुर्रा टीम के खिलाड़ी ने दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से जीत दिलाई। पूरे मैच के दौरान रोमांच भरा रहा। दर्शकों को यह लग रहा था कि कौन सी टीम जीतेगी। वहीं खिलाड़ियों ने भी अपना पूरा दमखम लगाया था। मैन ऑफ द मैच कुर्रा के आसिफ खान तथा मैन ऑफ द सीरीज बारा के राशिद को मिला।

इस मौके पर मुश्ताक खान, शमशाद खां, वजीर खां, हाफिज शहबान खां, मास्टर नजीर खां, फिरोज खान, शाबीर खां, शकील खां, पूर्व प्रधान ग्याशू खां, रियाज खां, जुबैर खान, असलम खान, शकील खां, एहसान खां, तबरेज खां, अजहर खां, अमजद खान, शफकत खां, शदाब खान, अय्यूब खान, तौसीफ खां, जिला पंचायत सदस्य बाबर खां, अफजाल आलम, अशोक कुमार आशु आदि लोग उपस्थित रहे।




